# नगर निगम लखनऊ

| | |
|---|---|
| प्रेषक,<br>नगर आयुक्त,<br>नगर निगम,<br>लखनऊ। | सेवा में,<br>निबन्धक,<br>मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,<br>कॉपरनिकस रोड, नई दिल्ली। |
| पत्र संख्या :–डी/ 308 /न0आ0/पर्या0अभि0/23 | दिनांक :– 22 जुलाई, 2023 |

**विषय : प्रियदर्शनी कालोनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दायर मा0 एन0जी0टी0 के ओ0ए0 संख्या 654/2022 के आदेश दिनांक 13.02.2023 के क्रम में नगर निगम द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन 15/2023 के पारित आदेश के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पूर्व प्रेषित पत्रांक सं0 डी/42/न0अ0/पर्या0अभि0/23 दिनांक 18.04.2023 सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि लखनऊ नगर के नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु कार्यरंत ट्रांसफर स्टेशन, स्थल बन्धा रोड फैजुल्लागंज रोड, निकट प्रियदर्शिनी कालोनी डी, रेजीडेन्स वेलफेयर सोसाइटी, लखनऊ के सम्बन्ध में मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी लखनऊ प्रा0 लि0 संस्था द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम–2016 का उल्लंघन करने के दृष्टिगत माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ0ए0 संख्या–654/2022 "प्रियदर्शिनी कालोनी डी, रेजीडेन्स वेलफेयर सोसाइटी बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 व अन्य" में पारित आदेश दिनांक 13.02.2023 के पैरा–15 में निम्नवत एक्शन हेतु आदेशित दिया गया था :–

***"Accordingly, while directing expeditious compliance of norms in managing the waste for acknowledged violations for long time and which are serious, we fix the interim compensation of Rs. 10 corors against the Corporation on polluter pays principle which may be deposited with the State PCB within one month but positively before 31.03.2023, which will be the personal responsibility of Commissioner, Lucknow Municipal Corporation. The interim compensation will be over and above the compensation assessed by the State PCB. The amount may be utilized for restoration of environment in accordance with the District Environment Plan of the District associating the District Magistrate. If there is a failure in deposit, the Commissioner, Lucknow Municipal Corporation will not be entitled to draw salary after 01.04.2023".*** (संलग्नक–1)

उक्त क्रम में नगर निगम द्वारा एक रेव्यू पिटिशन संख्या 15/2023 मा0 हरित न्यायिकरण के आदेश दिनांक 31.03.2023 के रेव्यू हेतु मुख्य बेन्च में दाखिल की गयी जिसके आदेश दिनांक 31.03.2023 के पेज सख्या 04 पैरा 08 में निम्नवत आदेश किया गया है।

***"Thus, even by way of showing indulgence, only modification which we can make is that instead of Corporation itself making separate deposit of ₹10 Crore, as directed, it will be free to use the funds allocated by the State, in terms of order dated 23.03.2023 in O.A. No. 606/2018, subject to the Chief Secretary, Uttar Pradesh, allocating the said amount separately for the Lucknow Municipal Corporation within one month from today. The direction against drawl of salary by the Commissioner, Lucknow Municipal Corporation will also stand deferred on such condition. Let compliance report be filed as earlier directed by 15.05.2023 by email at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR supported PDF and not in the form of image PDF".*** (संलग्नक–2)

उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में नगर निगम द्वारा शासन को प्रेषित पत्र संख्या–डी/56/न0अ0/पर्या0अभि0/23 दिनांक 26.04.2023 के माध्यम से विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश मांगे गये थे। जिसके क्रम में संयुक्त सचिव, नगर विकास अनुभाग–5, उ0प्र0 शासन द्वारा निम्नानुसार दो बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है :–

1. मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ0ए0 संख्या–654/2022 "प्रियदर्शिनी कालोनी डी, रेजीडेन्स वेलफेयर सोसाइटी, लखनऊ बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 व अन्य" में पारित आदेश दिनांक 13.02.2023 एवं उक्त आदेश के विरूद्ध नगर निगम लखनऊ द्वारा योजित रिव्यू पिटिशन संख्या–15/2023 में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 31.03.2023 के दृष्टिगत तथा ओ0ए0 संख्या–606/2018 Compliance of Municipal Solid Waste Management Rules, 2016 and Other Environment Issues में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.03.2023 के अनुपालन में पर्यावरण सुधार से सम्बन्धित कार्यों यथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट कार्यों हेतु जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर एक "रिंग फेन्स एकाउण्ट" खोलकर उसमें धनराशि जमा की जानी है और उक्त धनराशि का उपयोग मात्र पर्यावरण सुधार से सम्बन्धित कार्यों यथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट आदि पर ही किया जाना है।

2. कृपया नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 26.04.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के दृष्टिगत मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में एक रिंग फेन्स एकाउण्ट खोलकर उसमें रू0 63.94 करोड़ की धनराशि जमा किये जाने एवं उक्त धनराशि का उपयोग पर्यावरण सुधार हेतु सॉलिड/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट के कार्यों पर किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की एक प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त रिव्यू पेटिषन में दिये गये निर्देश के अनुपालन के सम्बन्ध में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली दिनांक 27.07.2023 को अग्रिम सुनवायी निर्धारित की गयी है।

उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में लखनऊ नगर में सॉलिड वेस्ट एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु धनराशि में से रू0 63.95 करोड़ की धनराशि को पृथक कर रिंग फेन्स एकाउण्ट खोल कर ट्रांसफर किया गया है। जिसमें नगर निगम लखनऊ पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु अध्यारोपित धनराशि रू0 10.00 करोड़ भी सम्मिलित है। प्रश्नगत स्थल पर प्रियदर्शिनी कालोनी के पास स्थित ट्रांसफर स्टेशन को बंद कर तीन स्थलों पर नये ट्रांसफर स्टेशन निर्मित करने हेतु निविदा प्रक्रिया की जा चुकी है। दो स्थलों पर कार्य प्रारम्भ करने के दौरान दोनों चिन्हित स्थलों पर स्थानीय निवासियों के विरोध के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका। नगर के बाहरी क्षेत्र में ट्रांसफर स्टेशन निर्माण हेतु स्थल का चयन किया जा रहा है। उक्त धनराशि को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत कूड़े का कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन, प्लान्ट संचालन, ट्रांसफर स्टेशन एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों में व्यय किया जा रहा है।

संलग्नक : यथोक्त।


भवदीय

(इंद्रजीत सिंह)
नगर आयुक्त


**प्रतिलिपि :–**

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को सादर अवलोकनार्थ।
2. राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय, राज्य मिशन निदेशालय, उ0प्र0 को सूचनार्थ।

(इंद्रजीत सिंह)
नगर आयुक्त


Government
Night Shelters
Akbari Begum
Law College
Google
W23W+2W5, Deva Rd, Lucknow, Uttar Pradesh 226028, India
Lucknow
Uttar Pradesh
India
2023-05-05(Fri) 04:02(PM)
34°C
93°F


Note cam lite
Address : Kesari Nagar,Lucknow,Uttar Pradesh,India
Latitude : 26.806188798509538°
Longitude : 80.87093750014901°
Altitude : 125.0 meter
Date : 05/06/23 14:33
Accuracy : 1.5 meter
Time zone : GMT+05:30
Note : keshri khera


VAGA Hospital
Harsha hospital lucknow
UPPSC Aliganj Lucknow
Google
L/KS-4, Maha Palika Marg, Sector-A, Sector K, Aliganj, Lucknow, Uttar Pradesh 226024, India
Lucknow
Uttar Pradesh
India
2023-07-24(Mon) 06:59(PM)
33°C
91°F